फ़ुजिफ़िल्म समूह

# का कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता

FUJIFILM
Value from Innovation



# फ़ुजिफ़िल्म समूह की वचनबद्धता

हमारी आकांक्षाओं का प्रतीक, जो हमारा उद्देश्य साकार करने के लिए हमारे समूह को प्रेरित करता है

फ़ुजिफ़िल्म समूह का उद्देश्य

## दुनिया भर में खुशियाँ बढ़ाना

हम दुनिया में परिवर्तन लाने के लिए विविध विचारों,
अद्वितीय क्षमताओं और असाधारण लोगों को एक साथ लाते हैं

कॉर्पोरेट स्लोगन

## नवाचार से मूल्य

फ़ुजिफ़िल्म समूह का कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता

### हमारी “खुली, उचित और स्पष्ट” कॉर्पोरेट संस्कृति के दृष्टिकोण से हम अपनी सभी गतिविधियाँ करते हैं

#### कंपनीगत आचरण चार्टर

1. भरोसेमंद कंपनी
2. सामाजिक दायित्व
3. मानव अधिकारों के प्रति सम्मान
4. वैश्विक पर्यावरण संरक्षण
5. जीवंत कार्य स्थल
6. विभिन्न संकटों का प्रबंधन

#### आचार संहिता

हमारी कंपनीगत गतिविधियों के सभी आयामों में हम अनुपालन और नए मूल्य की रचना के प्रयास पर बल देते हैं। यदि अनुपालन करते समय व्यवसाय के मुनाफ़े अथवा तीसरे पक्षों की मांगों के साथ टकराव होता है तो हम अनुपालन को प्राथमिकता देते हैं।

1. मानव अधिकारों के प्रति सम्मान
2. ईमानदार कंपनी गतिविधियां
3. कंपनी की परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण
4. पर्यावरण मुद्दों से जुड़े उपाय

# फ़ुजिफ़िल्म समूह का कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता के प्रति वचनबद्धता

फ़ुजिफ़िल्म समूह हमेशा बदलते समय के अनुरूप अपने व्यवसाय में बदलाव करते हुए नवाचार को बढ़ावा देता रहा है। हाल के वर्षों में समाज में तेजी से हो रहे बदलावों के कारण हमें कई ऐसे मुद्दों से सामना करना आवश्यक हुआ है जो तेजी से जटिल और गूढ़ होते जा रहे हैं, जैसे कि भू-राजनीतिक विपत्तियाँ, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाएं, पर्यावरणीय मुद्दे, मानवाधिकार, स्वास्थ्य, श्रम और जानकारी प्रबंधन। समाज की आवश्यकताएं और नियम हमेशा बदलते रहते हैं, इसलिए यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि हम अपने हितधारकों के साथ मिलकर सामंजस्यपूर्ण विकास करें, जो व्यापार और सामाजिक विचारों को शीघ्रता से संतुलित करने का प्रयास करता हो और प्रथाओं या रूढ़िवादिता से मुक्त हो।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि फ़ुजिफ़िल्म समूह को भविष्य में कई कठिन मुद्दों और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा, और जब ऐसी समस्याएँ उत्पन्न होगी, तब कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता हमारे मूल्यवान मार्गदर्शक के रूप में हमें उपयुक्त होंगे। कंपनीगत आचरण चार्टर में कॉर्पोरेट गतिविधियों के संचालन के लिए फ़ुजिफ़िल्म समूह की मूलभूत नीतियों का सारांश प्रस्तुत किया गया है, जबकि आचार संहिता वर्णन करती है कि हमें विभिन्न परिस्थितियों में कैसे कार्य करना चाहिए। हर वर्ष अप्रैल महीने में, दुनिया भर में फ़ुजिफ़िल्म समूह के सभी कर्मचारी इन दस्तावेजों को पढ़ने, समझने, अनुपालन करने और उन पर कार्रवाई कर, नया वित्तीय वर्ष नए उत्साह के साथ प्रारंभ करने के अपने विचार का प्रकटन करते हैं। आप जानते हैं कि हम जो कुछ भी कार्य करते हैं वह हमारी खुली, उचित और स्पष्ट कॉर्पोरेट संस्कृति पर आधारित होना चाहिए। इसलिए मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता का निरंतर संदर्भ लेते रहें, ताकि आप फ़ुजिफ़िल्म समूह के सदस्य के रूप में अपनी दैनिक व्यावसायिक गतिविधियों के अंतर्गत किए गए किसी भी कार्य पर गर्व महसूस कर सकें।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मैं फ़ुजिफ़िल्म समूह के कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता का अनुपालन करूंगा। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि आप जो कुछ भी करें, उसमें इन सिद्धांतों को पूरी तरह से समझें और उनका अनुपालन करें। आइए उन कई चुनौतियों और कठिनाइयों को दूर करने के लिए हम मिलकर कार्य करें, जिनका हम निस्संदेह भविष्य में सामना करने वाले हैं, और ऐसे सकारात्मक परिणाम लाएं, जिनसे दुनिया भर में खुशियाँ बढ़ें।

जनवरी 2024



तेइइचि गोतो
अध्यक्ष, प्रतिनिधि निदेशक एवं सीईओ
अध्यक्ष, ESG समिति
फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन

# सामान्य प्रावधानः

### 1. अनुपालन का दायरा

फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन और उसकी सभी समूह कंपनियों के सभी अधिकारियों और सभी कर्मचारियों को इस कंपनीगत चार्टर और संहिता का पालन करना होगा। इतना ही नहीं, फ़ुजिफ़िल्म समूह के उत्पारद और सेवाओं की व्यवस्था से जुड़े ठेकेदारों, भेजे गए कर्मचारियों, बिक्री प्रतिनिधियों और व्यावसायिक भागीदारों सहित संबद्ध पक्षों से भी अनुरोध किया जाएगा कि वे अपना काम करते समय कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता का पालन करें।

### 2. निर्धारण और संशोधन की प्रक्रिया

कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता का निर्धारण और संशोधन संबंधित निर्णय फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन की ईएसजी समिति करेगी। कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता एवं उनमें कोई भी संशोधन फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन द्वारा अधिसूचित किए जाने के समय से प्रत्येक समूह कंपनी पर लागू होगा।

### 3. नियमों का मानकीकरण

इस कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता में ऐसे सामान्य नियम शामिल होंगे जिनका पालन फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन और उसकी समूह कंपनियों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को करना होगा। सभी अधिकारियों और सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की जाएगी कि वे न सिर्फ इन नियमों का पालन करें, बल्कि अपने समाज और अपने मोहल्ले की अपेक्षाओं के अनुरूप उच्चतम नैतिक मानदंड अपनाएं और उसके अनुरूप व्यवहार करें।

### 4. अनुपालन सुनिश्चित करना

कंपनी और कर्मचारियों से अपेक्षा रहेगी कि वे इस कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता के अनुपालन के लिए काम करें। फ़ुजिफ़िल्म होल्डिंग्स कॉर्पोरेशन और प्रत्येक समूह कंपनी के विभाग विशेष के प्रभारी कार्यकारी अधिकारियों, प्रभाग महाप्रबंधकों और प्रबंधकों सहित अधिकारियों और प्रबंधकीय कर्मचारियों पर, अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर आने वाली संगठनात्मरक संस्था के अंदर इस कंपनीगत आचरण चार्टर और आचार संहिता के क्रियान्वयन के प्रबंधन की जिम्मेदारी

### 5. उल्लंघन पर प्रतिबंध और दंड

यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी इस आचार संहिता का उल्लंघन करता है तो उस व्यक्ति पर फ़ुजिफ़िल्म समूह में लागू कंपनी नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई या अन्य कार्रवाई की जा सकती है। यदि उल्लंघन के कारण कंपनी को क्षति होती है तो कंपनी उस क्षति के लिए हर्जाना मांगने सहित कानूनी उपायों का सहारा ले सकती है।




# फ़ुजिफ़िल्म समूह: कंपनीगत आचरण चार्टर:

ईमानदार स्पर्धा के माध्यम से मुनाफ़ा कमाने की कोशिश करने के अलावा कंपनियों के लिए समाज में योगदान करना भी आवश्यक है। फ़ुजिफ़िल्म समूह इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए निम्नलिखित छः सिद्धांतों का पालन करते हुए, जापान और विदेश में अपनी कंपनीगत गतिविधियों में मानव अधिकारों का सम्मान करता है और सभी कानूनों, विनियमों, अंतर्राष्ट्रीय नियमों का अक्षरशः: और उनकी भावना के अनुरूप पालन करता है। इसके अतिरिक्त यह समूह अपनी गतिविधियों के प्रभाव का आकलन करते हुए नए-नए प्रयासों के माध्यम ये एक टिकाऊ समाज की रचना की दिशा में स्वतः सक्रिय होकर काम करता है।

**1. भरोसेमंद कंपनी**

हम सुरक्षित और जिम्मेदार ढंग से उन्नत और मौलिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए उच्चतम गुणवत्ता वाले सामाजिक रूप से लाभकारी उत्पाद और सेवाएँ विकसित और प्रदान करते हैं। एक खुली, ईमानदार और साफ-सुथरी कंपनीगत संस्कृति के आधार पर हम उपयुक्त स्पर्धा एवं ईमानदार लेन-देन की भावना से नए मूल्यों की रचना करते हैं। हम ग्राहकों और अन्य हितधारकों को संतुष्ट करने और मिलकर आगे बढ़ने के लिए उनका विश्वास जीतने की दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील हैं।

**2. सामाजिक दायित्व**

हम ग्राहकों, व्यावसायिक साझेदारों, कर्मचारियों, स्थानीय समुदायों, सरकारी एजेंसियों, शेयरधारकों एवं निवेशकों, गैर-सरकारी संगठनों और मुनाफा न कमाने वाले संगठनों जैसे विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद करते हैं और कंपनी के बारे में सूचना को उपयुक्त और ईमानदारी के साथ उजागर करते हैं। इतना ही नहीं, हम कानूनों, विनियमों और अन्य नियमों का पालन करते हैं और सार्वजनिक व्यवस्था एवं नैतिक संस्कारों का पालन करते हैं। भद्र कंपनीगत नागरिक के नाते हम स्थानीय संस्कृति और रीतियों को सही ढंग से समझने तथा उनका सम्मान करने के लिए प्रयत्नशील हैं और स्वेच्छा से समुदाय को जोड़ने वाली गतिविधियाँ चलाते हैं। इसके अलावा हमारा उद्देश्य रोजगार की रचना के माध्यम से स्थानीय समुदायों में जान फूँकना और टिकाऊ समाज की दिशा में प्रयास करना है।

**3. मानव अधिकारों के प्रति सम्मान**

हम अंतर्राष्ट्रीय घोषणाओं में निहित मानव अधिकारों का सम्मान करते हैं। हम लाचार व्यक्तियों का ध्यान रखते हैं और किसी भी रूप में जबरन मजदूरी अथवा बाल मजदूरी के उपयोग को अस्वीकार करते हैं। प्रत्येक देश और क्षेत्र के स्थानीय न्यूनतम मजदूरी कानूनों का पालन करने के अलावा हम ऐसे उपयुक्त वेतन का महत्व भी समझते हैं जिससे लोग स्वस्थ एवं सांस्कृतिक जीवन जीने का खर्च उठा सकें।

**4. वैश्विक पर्यावरण संरक्षण**

यह मानते हुए कि पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक भागीदारी किसी भी कंपनी की सामाजिक भूमिका और गतिविधियों का एक आवश्यक अंग है, हम पर्यावरण संबंधी विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में मदद के लिए स्वेच्छा से और स्वतः सक्रिय रूप से काम करेंगे। इनमें जलवायु परिवर्तन से निपटना, जैव-विविधता का संरक्षण, चक्रीय अर्थव्यवस्था की स्थापना और रासायनिक सुरक्षा जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

**5. जीवंत कार्य स्थल**

हम सभी कर्मचारियों का कौशल विकसित करने, निरापद एवं आरामदेह कार्य स्थल प्रदान करने और उनकी विविधता, व्यक्तित्व एवं व्यक्तिगत पहचान का सम्मान करने के लिए प्रयत्नशील हैं।

**6. विभिन्न संकटों का प्रबंधन**

हम नागरिक जीवन और कंपनी की गतिविधियों में उत्पन्न होने वाले खतरों का सामना करने के लिए व्यवस्थित संकट प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। इन खतरों में प्राकृतिक आपदाएँ, आतंकवाद, साइबर हमले और संगठित अपराध शामिल हैं।

इस चार्टर की मूल भावना को मूर्त रूप देने में शीर्ष प्रबंधकों के दायित्व को समझते हुए फ़ुजिफ़िल्म समूह के अधिकारी अपनी मिसाल से अगुवाई करेंगे और समूह की कंपनियों के भीतर एवं व्यावसायिक साझीदारों के बीच चार्टर की पक्की समझ को बढ़ावा देंगे। वे समूह के भीतर और बाहर की राय पर निरन्तर ध्यान देने, कारगर कंपनीगत प्रणालियां स्थापित करने और ऊंचे नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील रहेंगे।

यदि कोई ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाए जो इस चार्टर के विपरीत हो तो शीर्ष प्रबंधक समूह के भीतर और बाहर उस स्थिति से निपटने की अपनी नीति को स्पष्ट रूप से बताएँगे और उसके कारणों की पहचान करने तथा दोबारा वैसी स्थिति उत्पन्न न होने देने के लिए काम करेंगे। शीर्ष प्रबंधक जवाबदेही स्वीकार करेंगे, तत्काल और उपयुक्त ढंग से जानकारी उजागर करेंगे और स्वयं सहित, जहाँ कहीं उपयुक्त हो कड़े अनुशासन की कार्रवाई करेंगे।

# फ़ुजिफ़िल्म समूह: आचार संहिता

## भूमिका

इस समय दुनिया के सामने अनगिनत चुनौतियाँ हैं। भावी पीढ़ियों को समृद्ध और जीवंत समाज सौंपने के लिए हमें पर्यावरण, ऊर्जा, आहार, स्वास्थ्य और औषधि, सुरक्षा और आपदा रोकथाम से संबद्ध समाज की विभिन्न चुनौतियों का समाधान करना होगा और मानव अधिकारों का सम्मान करना होगा। इसके साथ ही आर्थिक वृद्धि भी सुनिश्चित करनी होगी। कंपनियों से अपेक्षा की जाती है कि वे इन चुनौतियों का समाधान करने और विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर नए-नए उपायों के माध्यम से टिकाऊ समाज की रचना में योगदान करें।

इस उद्देश्य के लिए यह देखना महत्वपूर्ण है कि हम अपनी व्यावसायिक गतिविधियाँ किस तरह चलाते हैं। हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम हितधारकों के संपर्क में रहें और दो-तरफ़ा (खुली) संवाद स्थापित करें, नियमों का पालन न्यायोचित और निष्पक्ष ढंग से करें (ईमानदार), अपनी निर्णय प्रक्रिया और कार्रवाइयों के लिए ज़िम्मेदार रहें तथा ईमानदारी और निष्ठा के साथ पारदर्शिता रखें (साफ-सुथरी)। समाज के भीतर विभिन्न कानून और नियम होते हैं। हमारे दैनिक जीवन की तरह व्यावसायिक जगत में भी समाज के सदस्य के रूप में, समाज में हमारा महत्व इस बात से निर्धारित होता है कि हम इन कानूनों और नियमों का पालन किस तरह करते हैं।

समाज के लिए आवश्यक और विश्वसनीय कंपनी बने रहने के लिए हम अपने सभी प्रयासों में नियमों और कानूनों का पालन करते हुए टिकाऊ समाज की रचना के लिए मूल्यवान सिद्ध होंगे।

## फ़ुजिफ़िल्म समूह अनुपालन वक्तव्य

फ़ुजिफ़िल्म समूह की परिभाषा में अनुपालन का अर्थ सिर्फ़ कानून न तोड़ने से कहीं अधिक है। हम मानते हैं कि अनुपालन में समझदारी और नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए सही ढंग से काम करना शामिल है। हमारी कंपनीगत गतिविधियों के सभी आयामों में हम अनुपालन और नए मूल्य की रचना के प्रयास पर बल देते हैं। यदि अनुपालन करते समय व्यवसाय के मुनाफ़े अथवा तीसरे पक्षों की मांगों के साथ टकराव होता है तो हम अनुपालन को प्राथमिकता देते हैं। एक खुली, ईमानदार और साफ-सुथरी कंपनी संस्कृति हमारी गतिविधियों का आधार है।



# 1. मानव अधिकारों के प्रति सम्मान

मानव अधिकार हम में से प्रत्येक के लिए सबसे बुनियादी और आवश्यक हैं। हर व्यक्ति की गरिमा हमारे अंतर्निहित मानव अधिकारों के मूल में है और यदि ऐसे अधिकारों का सम्मान नहीं किया जाता तो कंपनी की वृद्धि के लिए आवश्यक कर्मचारी अपनी क्षमता का पूरा उपयोग नहीं कर सकते और हम ऐसी कंपनी नहीं बने रह सकते जिसकी समाज को ज़रूरत हो और जिसकी समाज में अहमियत हो।

निम्नलिखित बिन्दुओं का पालन करना हमारे लिए उन सभी लोगों की क्षमता का अधिकतम विकास करने का आधार है जो हमारी व्यावसायिक गतिविधियों से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं। समाज में मूल्यवान सिद्ध होने के लिए भी यही मूल आधार है।

### (1) मानव अधिकारों का सम्मान

हम मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा एवं अन्य अंतर्राष्ट्रीय घोषणाओं, संधियों, दिशा-निर्देशों और व्यवहार्य कानूनों तथा विनियमों और न्यायिक मिसालों से आश्वस्त मानव अधिकारों का सम्मान करते हैं और उनका उल्लंघन नहीं करते।

### (2) विविधता का सम्मान और संवर्धन

हम नया मूल्य पैदा करने के लिए विविधता को अपनाएंगे और सम्मान करने, स्वीकार करने तथा प्रत्येक कर्मचारी के व्यक्तित्व और व्यक्तिगत पहचान से प्रेरित रहकर पृष्ठभूमि अथवा आस्थाओं में भिन्नता के दायरे से मुक्त होकर अधिक समृद्ध समाज बनाने में योगदान करेंगे।

### (3) भेदभाव निषेध

हम व्यक्ति के रूप में एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। हम राष्ट्र, आयु, लिंग, लैंगिक रुझान अथवा लैंगिक पहचान, नस्ल, जाति, धर्म, राजनीतिक राय, विचारधारा, राष्ट्रीय अथवा सामाजिक मूल, विकलांगता आदि के आधार पर न तो कोई भेदभाव करते हैं और न ही इन आधारों पर भरती, पदोन्नति या उन्नति, लाभ अथवा शिक्षा के अवसरों से संबंधित फैसले करते हैं।

### (4) धौंस जमाने और प्रताड़ना का निषेध

हम न तो ऐसे तरीकों से बोलते और न काम करते हैं जिनसे व्यक्ति की गरिमा को ठेस लगे या लिंग, अधिकार अथवा पद (यौन उत्पीड़न अथवा पद पर आधारित उत्पीड़न) जैसे मुद्दों के आधार पर व्यक्तियों को वंचित किया जाए अथवा धमकाया जाए और न ही हम किसी और तरह से धौंस जमाते हैं अथवा प्रताड़ित करते हैं।

### (5) निजता का संरक्षण

हम कार्य स्थल पर अथवा अपने कर्तव्यों के निर्वसन के दौरान व्यक्तियों के निजी जीवन से जुड़ी जानकारी, संबद्ध व्यक्ति की स्पष्ट स्वीकृति के बिना न तो किसी को बताते हैं और न ही उजागर करते हैं। हमें जो भी व्यक्तिगत जानकारी मिलेगी उसका हम उस समय लागू सभी कानूनों और विनियमों के अनुसार उपयुक्त ढंग से प्रबंधन करेंगे।

### (6) काम-जीवन में संतुलन का संवर्धन

हमारा उद्देश्य कार्य स्थल पर ऊंचे स्तर के प्रदर्शन और व्यक्तिगत परिस्थितियों तथा दायित्वों के निर्वसन में कर्मचारियों को समर्थन देना है। इसके लिए हम अपने, अपने साथियों, और कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान संपर्क में आने वाले लोगों के पेशेवर विकास के लिए मिलकर काम करेंगे। ऐसा करते समय हम व्यक्तिगत आवश्यकताओं का सम्मान करेंगे और बच्चों के पालन-पोषण और रोगी की देखभाल जैसी परिवार की देखभाल की जिम्मेदारियों सहित व्यक्तिगत परिस्थितियों को समझेंगे।

### (7) जबरन मजदूरी/बाल मजदूरी का निषेध

हम दास मजदूरी, बंधुआ मजदूरी अथवा मानव तस्करी सहित किसी भी प्रकार की जबरन मजदूरी अथवा बाल मजदूरी में भागीदार नहीं होते। हम रोजगार की समुचित प्रक्रियाओं के माध्यम से रोजगार के खुले विकल्प देते हैं और जबरन मजदूरी तथा बाल मजदूरी को रोकने के लिए आवश्यक उपाय अपनाते हैं।

### (8) व्यवसाय संबंधी सुरक्षा और स्‍वास्थ्य संवर्धन

हम कार्य स्थल पर दुर्घटना रोकने के लिए बने व्यवहार्य व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं। हम अपने, अपने साथियों, और साथ काम करने वाले अन्य लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखेंगे। हमारा उद्देश्य निरापद, स्वस्थ एवं चुस्त कामकाजी माहौल बनाए रखना और इसे बढ़ाना है।

### (9) श्रमिक अधिकारों का सम्मान

हम स्थानीय कानूनों और स्थापित प्रथाओं के अनुरूप श्रमिक अधिकारों का सम्मान करते हैं और उनका उल्लंघन नहीं करते। इनमें श्रमिकों के संगठित होने और सामूहिक रूप से सौदेबाजी करने के अधिकार शामिल हैं।



# 2. ईमानदार कंपनी गतिविधियां

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयत्नशील हैं कि हमारी कंपनी गतिविधियां खुली, ईमानदार और साफ-सुथरी हों। नीचे सूचीबद्ध किए गए बिन्दुओं का उल्लंघन होने पर न सिर्फ कानूनी प्रतिबंध लग सकते हैं, बल्कि कंपनी के प्रति विश्वास भी कम हो सकता है। हम इन बिन्दुओं का पालन करेंगे और अत्यंत नैतिक प्रथाएं अपनाने का प्रयास करेंगे। हमारी कंपनी गतिविधियों की जानकारी प्रबंधक तुरन्त और सटीक ढंग से अधिसूचित करेंगे और निर्धारित प्रक्रियाओं के सभी चरणों का पालन किया जाएगा।

### (1) सक्रिय संवाद

हम भीतर और बाहर दो-तरफा संवाद को प्राथमिकता देते हैं ताकि समाज की मांगों को पूरा कर सकें और समाज के साथ-साथ परस्पर विकास हेतु प्रयत्नशील रहें। हम अपनी कंपनी गतिविधियों को चलाते समय खुला, ईमानदार और साफ-सुथरा रुख तथा दृष्टिकोण अपनाते हैं।

### (2) जानकारी उजागर करना

हम अपनी प्रबंध नीति और गतिविधियों सहित अपनी कंपनी से संबंधित सारी जानकारी ग्राहकों, व्यावसायिक साझीदारों, कर्मचारियों, स्थानीय समुदायों, सरकारी एजेंसियों, शेयरधारकों एवं अन्य निवेशकों तथा गैर-सरकारी संगठनों और मुनाफा न कमाने वाले संगठनों जैसे विभिन्न हितधारकों को सक्रिय और उपयुक्त ढंग से देकर जवाबदेही स्थापित करते हैं।

**(3) मुक्ता स्पर्धा**

हम मुक्त बाजार स्पर्धा का महत्व समझते हैं। हम न तो अनुचित व्यापार प्रतिबंध लगाते हैं और न ही ऐसे अनुचित व्यापारिक तरीके अपनाते हैं जिनसे मुक्त स्पर्धा में बाधा पड़े।

**(4) उचित बिक्री गतिविधियां**

हम अपने ग्राहकों, और वितरकों जैसे बिक्री साझीदारों के साथ समानता और निष्पक्ष बिक्री गतिविधियाँ अपनाते हैं। हम ग्राहकों और बिक्री साझीदारों के साथ बिक्री के झूठे रिकार्ड रखने जैसी अनुचित बिक्री प्रथाएं नहीं अपनाते और न ही ऐसी कार्रवाई करते हैं जिनसे ग्राहकों और बिक्री साझीदारों के साथ सांठ-गांठ का तनिक भी संदेह उत्पन्न हो सके।

**(5) ईमानदार खरीद**

हम आपूर्तिकर्ताओं के साथ अपने संबंधों में पूरी ईमानदारी रखते हैं। हम ऐसा कोई कदम नहीं उठाते जिनसे आपूर्तिकर्ताओं के साथ ईमानदार संबंधों पर आंच आए जैसे कोई व्यक्तिगत लाभ लेना (धन, वस्तु या सेवा आदि के रूप में) या अन्य प्रकार से सौदेबाजी में अपनी ऊंची हैसियत का दुरुपयोग करना।

**(6) भ्रष्टाचार रोकना**

हम विदेशी और स्थानीय सरकारी अधिकारियों और अन्य सार्वजनिक कर्मचारियों के साथ अपने संबंधों में समझदारी और बहुत अधिक सावधानी रखते हैं और हम किसी तरह का भ्रष्टता आचरण नहीं करते।

**(7) रिश्वत का निषेध और उपहार लेन-देन तथा मनोरंजन पर प्रतिबंध**

हम न उपहारों का लेनदेन करते हैं, न किसी का मनोरंजन करते हैं और न ही राजनीतिक चंदे, दान या प्रायोजन का प्रावधान करते हैं जिससे ईमानदारी पर आंच आ सके। न ही हम अनुबंधों के लिए रिश्वत देते हैं। इस तरह हम अपने ग्राहकों और वितरकों तथा आपूर्तिकर्ताओं सहित व्यावसायिक साझेदारों के साथ ठोस संबंध एवं सभी विदेशी और स्थानीय सरकारी अधिकारियों व अन्य सार्वजनिक कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक/ईमानदार संबंध रख पाते हैं।

**(8) अधिकारी और कर्मचारी की अपनी भूमिका में वैचारिक/धार्मिक गतिविधियों का निषेध**

हम कंपनी अधिकारी अथवा कर्मचारी के रूप में अपनी हैसियत का उपयोग किसी राजनीतिक दल, समूह या उम्मीदवार अथवा अन्य वैचारिक या धार्मिक समूह के समर्थन या विरोध के लिए नहीं करते।

**(9) संगठित अपराध से इनकार**

हम ऐसे सभी समूहों के साथ किसी भी तरह का संबंध रखने से इनकार करते हैं जो अवैध गतिविधियों में लिप्त हों अथवा सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा हों। हम धन शोधन में मदद जैसी गतिविधियों सहित ऐसा कोई काम नहीं करते जिससे इन समूहों को लाभ हो।

**(10) व्यापार नियंत्रण विनियमों का पालन**

हम वस्तुओं, प्रौद्योगिकी और सॉफ्टवेयर के आयात और निर्यात पर लागू सभी व्यापार नियंत्रण विनियमों, और प्रौद्योगिकी संबंधी जानकारी की बाहरी उद्घोषणा (प्रौद्योगिकी मार्गदर्शन सहित) का पालन करते हैं और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए प्रयत्नशील हैं।

**(11) सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग और उपयुक्त कर भुगतान**

हम अपनी कंपनी गतिविधियों के दौरान बही खाते और वित्तीय रिपोर्टिंग सटीक ढंग से करने का प्रयास करते हैं। हम खातों में जालसाजी नहीं करते और न ही ऐसी जालसाजी से संबद्ध किसी गतिविधि में हिस्सा लेते हैं। हम जिन देशों और क्षेत्रों में काम करते हैं उनके कर कानूनों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय कर नियमों का पालन करते हैं और प्रत्येक देश तथा क्षेत्र में विधिसम्मत उपयुक्त करों का भुगतान करते हैं।

**(12) उत्पाद और सेवाओं की गुणवत्ता का भरोसा/निरापदता**

हम पूरी तरह सुनिश्चित करते हैं कि बाजार में आने वाले हमारे उत्पाद और सेवाएं सुरक्षित हों और उनकी गुणवत्ता ऊंची हो। हम एक समान डिजाइन का महत्व समझते हैं जिससे सुनिश्चित होता है कि हमारे उत्पाद और सेवाएं भाषा, संस्कृति, राष्ट्रीयता, आयु, लिंग अथवा विकलांगता का भेद किए बिना सब के लिए सुलभ हों। हम अपने उत्पादों और उनके उपयोग के बारे में आसानी से समझने लायक और सटीक लेबल तथा विवरण भी देते हैं तथा दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। यदि दुर्घटना हो जाए तो हम तुरन्त समुचित कार्रवाई करते हैं।

**(13) जिम्मेतदार विपणन**

हम विपणन और प्रचार गतिविधियां इस तरह चलाएंगे जिनसे उपभोक्ताओं और ग्राहकों को हमारे उत्पादों और सेवाओं से जुड़ी जानकारी ईमानदारी से और सटीक ढंग से मिल सके।



# 3. कंपनी की परिसंपत्तियों और जानकारी का संरक्षण

कंपनियों के पास अनेक परिसंपत्तियां होती हैं। अपना व्यवसाय चलाने के लिए हम ऐसी विभिन्न प्रकार की परिसंपत्तियों का उपयोग करते हैं जिनमें न सिर्फ हमारी अपनी कंपनी परिसंपत्तियां होती हैं, बल्कि ग्राहकों की जानकारी तथा हमारे व्यावसायिक भागीदारों एवं सहयोगियों के साथ अनुबंधों के माध्यरम से सौंपी गई अनेक प्रकार की मूर्त और अमूर्त परिसंपत्तियां भी शामिल होती हैं। कंपनियों के सामने प्राकृतिक आपदा, संगठित अपराध, आतंकवाद और साइबर हमलों सहित बड़ी संख्या में विविध खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। इसलिए हमें अपनी संपत्ति और इन तीसरे पक्षों के संपत्ति अधिकारों दोनों को इन खतरों से बचाना होगा। हमारे दैनिक कामकाज के दौरान इस बात का महत्व बढ़ता जा रहा है कि जो भी जानकारी और परिसंपत्तियां हमारे हाथ में आएं उनका निष्पादन सावधानी से करें और उन्हें क्षति से बचाने के लिए एहतियाती उपाय करें तथा अनुचित ढंग से जानकारी उजागर करने से बचें।

**(1) कंपनी परिसंपत्तियों का कारगर उपयोग**

हम अपने स्वामित्व वाली अग्रणी प्रौद्योगिकी से युक्त उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी कंपनी की मूर्त और अमूर्त परिसंपत्तियों का सक्रिय ढंग से और कारगर उपयोग करते हैं, जो एक प्रमुख प्रबंधन संसाधन हैं।

### (2) कंपनी परिसंपत्तियों के अनुचित उपयोग का निषेध

हम उत्पादों, सुविधाओं, उपकरण, सूचना और बौद्धिक संपदा जैसी मूर्त और अमूर्त कंपनी परिसंपत्तियों का उपयुक्त प्रबंधन एवं उपयोग करते हैं। हम न तो व्यक्तिगत लाभ के लिए या किसी अन्य अनुचित उद्देश्य के लिए इनका उपयोग करते हैं और न ही कोई ऐसा कदम उठाते हैं जिससे उन्हें क्षति हो या उनका मूल्य कम हो।

### (3) हितों के टकराव का निषेध

हम व्यक्तिगत लाभ अथवा परिवार, मित्रों या परिचितों के लाभ को कंपनी के हित से ऊपर नहीं रखते। उदाहरण के लिए हम कंपनी के व्यवसायों के साथ स्पर्धा नहीं करते, इस तरह के स्पर्धी व्यवसायों में खुद शामिल नहीं होते और न ही अपने प्रतिद्वंद्वियों के हित में काम करते हैं।

### (4) भेदिया कारोबार का निषेध

हम ऐसे किसी ढंग से काम नहीं करते जिसका उद्देश्य व्यक्तिगत लाभ पाना हो, जैसे अपने कर्तव्यों के पालन के दौरान अथवा अधिकारी या कर्मचारी के रूप में अपनी हैसियत का इस्तेमाल करके, विशेष रूप से व्यावसायिक साझेदारों अथवा अन्य लोगों से प्राप्त ऐसी जानकारी के आधार पर शेयरों, बांडों या अन्य प्रतिभूतियों में व्यापार (भेदिया कारोबार) नहीं करते जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध न हों।

### (5) गोपनीय सूचना का संरक्षण

हम मानते हैं कि कंपनी की गोपनीय सूचना कंपनी की महत्वपूर्ण परिसंपत्ति है और इसे गुप्त रखने के लिए बेहद सावधानी से इसे संभालते हैं।

### (6) दूसरों की बौद्धिक संपदा का संरक्षण

हम दूसरों से जुड़ी गैर-सार्वजनिक जानकारी को न तो अनुचित ढंग से प्राप्त करते हैं और न ही उपयोग में लाते हैं। हम दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे कॉपीराइट अथवा पेटेंट अधिकार का अतिक्रमण भी नहीं करते।

### (7) व्यक्तिगत जानकारी का संरक्षण

हम व्यक्तिगत जानकारी की संवेदनशीलता समझते हैं और उसे उपयुक्त ढंग से संभालते हैं तथा ऐसी संवदेनशील जानकारी जुटाने, रिकॉर्ड करने, प्रबंधित करने, उपयोग में लाने और निपटाने के बारे में सभी लागू कानूनों एवं विनियमों का पालन करते हैं।

### (8) संकट प्रबंधन

हम प्राकृतिक आपदाओं, आतंकवाद और साइबर हमलों जैसे खतरों से निपटने की आपात कार्रवाई की तैयारी में व्यवस्थित ढंग से संकट प्रबंधन करते हैं। यदि ऐसी घटनाएं होती हैं तो हम संबद्ध हितधारकों पर उनका प्रभाव कम से कम करने के लिए काम करेंगे और अपने कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे।



# 4. पर्यावरण मुद्दों से जुड़े उपाय

पर्यावरण संबंधी मुद्दे समूची मानवता के सामने मौजूद बड़ी चुनौतियां हैं जिनका समाधान कोई क्षेत्र या देश अकेले नहीं कर सकता। इनका सामना करने के लिए व्यक्तियों, व्यवसायों, स्थानीय समुदायों एवं विभिन्न अन्य हितधारकों के बीच तालमेल आवश्यक है। संबद्ध कानूनों और विनियमों का पालन करने के साथ-साथ, हम, कच्चे माल की खरीद से लेकर उत्पाद विकास, मैन्यूमफैक्चेरिंग, इंतजाम, बिक्री और सेवाएँ देने, ग्राहक उपयोग तथा उत्पाद के जीवन की अवधि समाप्त होने तक अपनी कंपनी गतिविधियों के सभी चरणों में पर्यावरण पर बोझ कम करने के लिए अपनी पर्यावरण संबंधी प्रबंधन प्रणालियों को उन्नत बनाते हैं। इसके अलावा हमारा उद्देश्य अग्रणी प्रौद्योगिकी और नए-नए उपायों के माध्यम से पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के समाधान में योगदान देना है। इस एकमात्र पृथ्वी को भावी पीढ़ियों के हाथों में सौंपने के लिए हर व्यक्ति की जागरूकता और प्रत्येक कर्मचारी की स्वैच्छिक कार्रवाई आवश्यक है।

**(1) जलवायु परिवर्तन का सामना**

हम मानते हैं कि मानव की अपनी गतिविधियों के कारण हो रहे जलवायु परिवर्तन का बढ़ते जाना एक वैश्विक चुनौती है और हम कार्बन निरपेक्ष समाज की दिशा में काम करेंगे। हम अपनी ओर से ऐसे उपाय अपनाएंगे जिनसे ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम हो और अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर नियंत्रण रखेंगे।

### (2) चक्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान

हम मानते हैं कि संसाधन अनंत नहीं हैं और संसाधनों के कम उपयोग, दोबारा उपयोग और रिसाइक्लिंग (पुन: चक्रण) को और बढ़ावा देते हैं। हम चक्रीय अर्थव्यवस्था स्थापित करने की दिशा में काम करेंगे।

### (3) रसायनों का निरापद और कारगर उपयोग

हम रसायनों के विकास, उपयोग और निपटान के लिए ऐसे आवश्यक उपाय अपनाएंगे जिनसे मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर विपरीत प्रभावों से बचा जा सके। इसके अलावा हम रसायनों का अधिक से अधिक असरदार उपयोग करेंगे जिससे समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में मदद मिले।

### (4) स्थानीय पर्यावरण का संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के साथ भागीदारी

हम स्थानीय समुदायों के सदस्य के नाते वायु, मिट्टी और जल का संरक्षण करने, ध्वनि प्रदूषण, कंपन और गंध कम करने एवं जैव विविधता का संरक्षण करने के लिए विभिन्न हितधारकों के साथ मिलकर काम करेंगे।

# व्हिसलब्लोइंग सिस्टम का उपयोग करना

अगर आचार संहिता के संबंध में प्रश्न उठते हैं या अगर आचार संहिता के उल्लंघन की पहचान होती है, तो अधिकारी और कर्मचारी व्हिसल ब्लोइंग सिस्टम से संपर्क कर सकते हैं या चिंता की रिपोर्ट कर सकते हैं। व्हिसलब्लोइंग सिस्टम का उद्देश्य आपके कार्यस्थल में छोटे मुद्दों को गंभीर मामलों में बदलने से रोकते हुए एक बेहतर कंपनी वातावरण बनाना है। मूल सिद्धांत यह है कि आपके कार्यस्थल में होने वाली समस्याओं को कार्यस्थल के भीतर हल किया जाना चाहिए। हालांकि, आप अपनी कंपनी में अनुपालन विभाग के पास किसी समस्या की रिपोर्ट कर सकते हैं और सहायता मांग सकते हैं या जब आपको अपनी चिंताओं को किसी वरिष्ठ अधिकारी को रिपोर्ट करना मुश्किल लगता है तो व्हिसलब्लोइंग सिस्टम से संपर्क कर सकते हैं।

- व्हिसलब्लोइंग सिस्टम में नेक नीयत से रिपोर्ट करने पर कर्मचारियों से कोई प्रतिशोध नहीं लिया जाएगा या उन्हें कोई प्रतिशोध नहीं मिलेगा।
- झूठी, मानहानिकारक या दुर्भावनापूर्ण रिपोर्ट करना प्रतिबंधित है।

व्हिसलब्लोइंग सिस्टम के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया कंपनी की वेबसाइट या आपकी कंपनी और क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा प्रदान किए गए अनुपालन पोस्टर देखें।